दिन–मंगलवार दिनांक– 09/04/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। चुनाव की घोषणा के बाद उनका यह बिहार का पहला दौरा होगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह आज बिहार आने वाले थे, लेकिन उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव अब से थोड़ी देर बाद गया के चाकंद में पार्टी प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री यादव के साथ इंडी गठबंधन के कई अन्य नेता भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए बारह अप्रैल को अधिसूचना जारी की जायेगी। इस चरण के तहत झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होने हैं। उम्मीदवार उन्नीस अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। वहीं, नामांकन पत्रों की जांच बीस अप्रैल को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि बाईस अप्रैल निर्धारित है। मतदान सात मई को होगा। इधर, दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पचास उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। भागलपुर और किशनगंज से बारह–बारह, बांका से दस, कटिहार से नौ और पूर्णियां से सात उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन सीटों के लिए छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————————————

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गया है। अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालु अपने घरों में भी कलश स्थापना कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं।

—————————————————————————————

इधर, आज से हिन्दू नव वर्ष की भी शुरूआत हो गयी है। प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नव वर्ष की शुरूआत होती है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को साल का पहला दिन मानकर देशभर में काल गणना की जाती है।

—————————————————————————————

देश में आज ईद का चाँद देखे जाने की संभावना है। पवित्र माह रमजान का आज उनतीसवां रोजा है। यदि चाँद दिखता है तो कल ईद–उल–फितर का त्योहार मनाया जाएगा। ईमारते–ए–शरिया फुलवारीशरीफ, एदारे शरिया, पटना समेत विभिन्न धार्मिक संस्थानों ने लोगों से चाँद देखने की अपील की है। ईमारते–ए–शरिया ने फोन नम्बर– नौ – चार – तीन – एक – पांच – शून्य – सात – आठ –शून्य –शून्य जारी कर लोगों से चाँद से सबंधित सूचना साझा करने को कहा है।

—————————————————————————————

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश भर के मौसम में बदलाव आया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर बदल छाये रहने और छिटपुट बारिश होने से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ मधुबनी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चार से पांच दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक वृद्धि हो सकती है।

—————————————————————————————

सीवान–गोरखपुर मुख्य रेलखंड पर मैरवा के सुमेरपुर ओवर ब्रिज के पास ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में दो बच्चे और दो महिलाएं हैं। पुलिस ने बताया कि रेलवे ट्रैक की तरफ भाग रहे बच्चों को बचाने के क्रम में ट्रेन की चपेट में आ जाने से यह हादसा हुआ।

—————————————————————————————

मधुबनी के जयनगर से एसएसबी के जवानों ने तीन लाख बीस हजार नेपाली मुद्रा के साथ मां और बेटा को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————————

गोपालगंज जिले के श्रीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बंसीबतराहा पुल के पास पुलिस ने तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आठ मवेशी भी जब्त किये गये।

—————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियागंज के वार्ड नम्बर चौबीस और बगहा के चैनपुर रतवल गांव में अगलगी की घटना में आधा दर्जन से अधिक घर जलकर नष्ट हो गये। वहीं, शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड के हिरम्मा गांव में आग लगने से आधा दर्जन से अधिक घर जलकर नष्ट हो गये।

———————————————————————————

मधुबनी के रूद्रपुर थाना में प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक सुरभि पांडेय सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गयी। बाद में उनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। इधर, मुंगेर रेल ईंजन कारखाना के पास एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से रेलकर्मी सरोज चौधरी की मौत हो गयी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।